कठिन समय में भी मानसिक संतुलन अच्छा रखें

जबलपुर| इनर व्हील क्लब मिड टाउन जबलपुर ने एक जिला स्तरीय संयुक्त वेबिनार का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं के मजबूत मानसिक स्वास्थ्य पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। इस दौरान मनोवैज्ञानिक श्रीमती पायल चौरसिया ने सभी महिलाओं को कठिन समय में भी मानसिक संतुलन बनाए रखने के गुर बताए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन इना पुरोहित व अतिथि डिस्ट्रिक्ट वाइस चेयरमैन मनीषा श्रीवास्तव रहीं। जबलपुर व मंडला जिले की क्लबों की अध्यक्ष गीता कल्पिवार, बंटी अग्रवाल, सोनू भाटिया, सीमा मल्होत्रा, आभा डीमोले आदि ने भाग लिया। अध्यक्ष सुरेखा गुर्जर ने संचालन किया।पी-3

Scanned with CamScanner